

खबरें फटाफट

राओनिक को हराकर नडाल सेमीफाइनल में

मेलबर्न। रफेल नडाल ने ऑस्ट्रेलिया ओपन के पुरुष एकल मे यहां दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाफ मिलोस राओनिक को सीधे सेटो मे हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई। चौदह बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल ने दो घंटे और 44 मिनट चले क्वार्टर फाइनल मे कनाडा के खिलाड़ी को 6-4, 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। नडाल शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल मे बुल्गारिया के 15वे वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से भिड़ेगे जिनके खिलाफ आठ मुकाबलो मे से उन्होने सात जीते है जबकि एक मैच मे उन्हे शिकस्त का सामना करना पड़ा है। नडाल ने इसके साथ ही चिर प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर के खिलाफ नौवी बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में भिड़ंत की उम्मीद बरकरार रखी है। स्पेन के दिग्गज खिलाड़ी नडाल ने 2014 मे फ्रेंच ओपन मे खिताबी जीत के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे जगह बनाई है। नडाल ने कहा, ''मिलोस काफी कड़ा प्रतिद्वंद्वी है। दो हफ्ते पहले ब्रिसबेन मे कड़े मुकाबले मे उसने मुझे हराया था। मुझे पता था कि उसके जैसे खिलाड़ी के खिलाफ खेलते हुए मुकाबले मे मुश्किल लम्हो का सामना करना होगा। वह टूर पर सर्वश्रेष्ठ सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक है।

पाक की दृष्टिबाधित टीम को भारत का वीजा दिया

कराची। पाकिस्तान की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम को भारतीय उच्चायोग से विश्व टी10 चैम्पियनशिप मे भाग लेने के लिये वीजा जारी किया गया। पाकिस्तान दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद ने आज इसकी जानकारी दी। टीम अब विदेश और गृह मंत्रालयो से अनापत्ति पत्र का इंतजार कर रही है। पीबीसीसी के प्रमुख सैयद सुल्तान शाह ने कहा कि वह भी टीम के साथ भारत जायेगे और भारतीय टीम को साल के अंत मे वनडे और टी20 मैच मे खेलने के लिये आमंत्रित करने के मद्देनजर अपने समकक्ष अधिकारियो से बातचीत करेंगे। उन्होने कहा, ''हम खुश है कि वीजा जारी कर दिया गया है क्योंकि हम काफी चिंतित थे क्योंकि हाल मे पाकिस्तान हाकी टीम और कुछ अन्य महासंघो को भारतीय उच्चायोग ने वीजा देने से इनकार कर दिया था।

अजहर की कप्तानी की होगी समीक्षा

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष शहरयार खान ने कहा है कि राष्ट्रीय एकदिवसीय टीम के कप्तान अजहर अली की कप्तानी की ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद समीक्षा की जाएगी। शहरयार ने कहा कि आस्ट्रेलियाई दौरा समाप्त होने के बाद कप्तानी मसले की समीक्षा की जाएगी और उस पर फैसला किया जाएगा। मै वनडे श्रृंखला के बीच अजहर की कप्तानी पर चर्चा नही करना चाहता हूं। बेहतर यही होगा कि हम टीम के स्वदेश लौटने पर इस पर बात करे। पाकिस्तान के आस्ट्रेलिया मे वनडे श्रृंखला मे लचर प्रदर्शन के बाद अजहर अली की कप्तानी चर्चा मे है। पूर्व कप्तानो ने उनकी कप्तानी शैली की आलोचना की है।

बाहर होने के डर से दिल की बात नहीं कीः सरफराज

कराची। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की तरफ से विकेट के आगे और विकेट के पीछे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सरफराज अहमद ने कहा कि वकार यूनिस के मुख्य कोच रहते हुए वह इसलिए अपनी दिक्कतो का खुलासा नही कर पाये क्योंकि उन्हें टीम से बाहर किये जाने का डर लगा रहता था। सरफराज से उस घटना के बारे मे पूछा गया जब वह मुख्य चयनकर्ता के पास गये और उन्होने उनसे जिम्बाब्वे दौरे के लिये विश्राम नही देने का आग्रह किया, उन्होंने स्वीकार किया कि यह सच है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने जियो सुपर चैनल से कहा, ''मै थोड़ा असुरक्षित महसूस कर रहा था क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद जिम्बाब्वे दौरे से पहले आखिरी टी20 मैच से मुझे बाहर कर दिया गया था और मुझे चिंता थी कि यदि मेरे स्थान पर चुना गया खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो फिर क्या होगा। सरफराज को याद दिलाया गया कि वह टीम का सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज है जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो फिर वह असुरक्षित क्यो महसूस कर रहा था।

भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 का पहला मैच आज

कानपुर। इंडियन प्रीमियर लीग में यजुवेंद्र चहल और परवेज रसूल की अगुवाई कर चुके भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 26 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी20 मैचों की श्रृंखला में इन दोनों स्पिनरों के पास सबसे छोटे प्रारूप का विशेषज्ञ गेंदबाज बनने का सुनहरा मौका रहेगा। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा को टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है और इसलिए स्पिन विभाग की जिम्मेदारी चहल और रसूल जैसे युवा गेंदबाजों पर होगी। कोहली ने इस बारे में कहा कि इन गेंदबाजों को आईपीएल में खेलने का अच्छा अनुभव है जो यहां भी काम आएगा। कोहली ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, ''जिन खिलाड़ियों को टीम में लिया गया है उन्होंने आईपीएल और घरेलू टी20 में अच्छा

प्रदर्शन किया है। वे किफायती रहे हैं और सही क्षेत्र में गेंदबाजी करते हैं। उन्हें अभी तक बड़ी श्रृंखला में खेलने का मौका नहीं मिला और इसलिए यह उनके पास टी20 विशेषज्ञ के रूप में अपनी जगह पक्की करने का अच्छा मौका होगा। उन्होंने कहा कि चहल का प्रदर्शन हर किसी ने देखा है और रसूल भी आरसीबी में मेरी कप्तानी में खेल चुका है इसलिए मैं जानता हूं कि वह किस तरह की गेंदबाजी करता है। कोहली ने कहा, रसूल आत्मविश्वास से भरे है। वह दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाज के सामने भी नयी गेंद से गेंदबाजी कर सकता है। ये दोनों : रसूल और चहल : बहुत समझदारी से गेंदबाजी करते हैं। वे कुछ गेंदें खाली डालकर दबाव बना सकते हैं और इससे आपको विकेट मिलते हैं। यह इन दोनों के लिये महत्वपूर्ण श्रृंखला है और उनके पास टी20 विशेषज्ञ के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने का यह सुनहरा मौका है।

इंग्लैंड की टी20 टीम लगभग वही है जो वनडे श्रृंखला में खेली थी। केवल बायें हाथ के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स को टी20 में जगह मिली है जो लगातार 90 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। यार्कशर का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी टी20 विशेषज्ञ है और आगामी आईपीएल में खेलना चाहता है। वह आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में लीग क्रिकेट खेलने के बाद टीम से जुड़ा है।

मल्स की गेंदबाजी से भयभीत नहीं हैं कोहली

कानपुर। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड की टीम के साथ आये पत्रकारो के सवाल पर तीखा जवाब देते हुए कहा कि उन्हे बायें हाथ के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स की विरोधी टीम मे मौजूदगी से कोई परेशानी नही है क्योंकि वह अपने कैरियर मे 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले कई गेंदबाजो का सामना कर चुके है। टी20 विशेषज्ञ मिल्स के बारे मे विचार पूछने पर कोहली ने रूखा सा जवाब दिया। कोहली ने सपाट कहा कि मैने उसे ज्यादा गेंदबाजी करते हुए नही देखा है लेकिन मै अपने कैरियर मे 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के गेंदबाजो को खेल चुका हूं।

सोनिया-डोडिग की जोड़ी ने बोपन्ना-गैब्रियला को हराया

मेलबर्न। सानिया मिर्जा और इवान डोडिग की जोड़ी ने तनाव भरे क्षणों में संयम बनाये रखा तथा रोहन बोपन्ना और गैब्रियला दाब्रोवस्की के खिलाफ दो मैच प्वाइंट बचाकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सानिया और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार डोडिग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को सुपर टाईब्रेकर में काफी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन उन्होंने क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद आखिर में 6-4 3-6 12-10 से जीत दर्ज की।

बोपन्ना और कनाडा की उनकी जोड़ीदार गैब्रियला ने 67 मिनट तक चले मुकाबले में कुछ अच्छे मौके गंवाये। इस हार के साथ ही बोपन्ना का इस सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में सफर भी समाप्त हो गया। वह पुरुष युगल में अपने नये जोड़ीदार पाब्लो कुएवास के साथ दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो गये थे। सानिया भी महिला युगल में बारबोरा स्ट्रीकोवा के साथ युगल क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पायी थी लेकिन उन्होंने अपने ओवरआल सातवें और मिश्रित युगल में चौथे ग्रैंडस्लैम खिताब की उम्मीदें बरकरार रखी हैं। अगले मैच में उनका सामना लिएंडर पेस और मार्टिना हिंगिस से हो सकता है ।

सेरेना सेमीफाइनल में, मुकाबला लुसिच बारोनी से

मेलबर्न । सेरेना विलियम्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां जोहान कोंटा के विजय अभियान पर रोक लगाकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी मिरजाना लुसिच बारोनी से होगसेरेना ने राड लीवर एरेना में कोंटा के लगातार नौ मैच जीतने के अभियान पर रोक लगायी और इस ब्रिटिश खिलाड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाया।

मोर्गन को भाया ई-रिक्शा, होटल के लगाये दो चक्कर

कानपुर। इंग्लैंड के सीमित ओवरों की टीम के कप्तान इयोन मोर्गन कानपुर की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे ई-रिक्शा से इतने प्रभावित हुए उन्होंने इसमें घूमने की इच्छा जताई लेकिन सुरक्षा कारणों से होटल परिसर में ही इसका आनंद ले पाये।

भारत और इंग्लैंड की टीमें जिस होटल में ठहरी हैं उसके प्रबंध निदेशक विकास मल्होत्रा ने बताया, ''कल शाम इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने ग्रीन पार्क में अभ्यास सत्र के बाद वापस होटल लौटते समय सड़क पर ई रिक्शा देखे तो उन्होंने मोबाइल से उनकी फोटो खींच ली। होटल में आने के बाद देर शाम उन्होंने होटल प्रबंधन से इसके बारे में पूछा ई रिक्शा पर बाजार घूमने की भी इच्छा जतायी।'' उन्होंने कहा, ''हमने इंग्लैंड के कप्तान की इस ख्वाहिश के बारे में पुलिस प्रशासन बतायी लेकिन सुरक्षा कारणों से मोर्गन को ई रिक्शा में बाजार जाने की अनुमति नहीं मिली।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विकास नागदेव पिता लालचंद नागदेव मोबाईल नम्बर मो. 9329847525 के द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर G7 109,110 पता गीता नगर सहज टावर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 26/1/2016 से 7 (सात) दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति पर हो तो झोन क्रमांक 11 (राजमाता सिंधिया स्टेडियम झोन) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करे। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक 11
नगर पालिक निगम, इंदौर

NATRAJ PROTEINS LTD.

CIN L00153MP1990PLC006090
Regd. Off: Nagpu Kalan, Ordinance Factory Road, Itarsi (M.P.) 461111
Contact No. 07572-262636, 262637, 262640, Fax No. 07572-262639, Email Id: natrajproteinltd@rediffmail.com

NOTICE pursuant to Regulation 47(1)(a) of SEBI (LODR) Regulations, 2015 is hereby given that the Meeting of the Board of directors of the Company will be held on Saturday the 11th day of February, 2017 at 4.00 P.M. at the Registered office of the Company to consider and approve the Unaudited Financial Results for the Quarter ended on 31st December, 2016 along with other routine business.

For further details, please refer the web link- **http://www.natrajproteins.com/** & **http://www.bseindia.com**/stock-share-price/natraj-proteins-ltd/natrajpr/530119

FOR NATRAJ PROTEINS LTD.
Sd/-
SHILPI KASLIWAL
CS & COMPLIAINCE OFFICER

Place: Itarsi
Date: 25th January, 2017

न्यायालय- नरेंद्र पटेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 सोनकच्छ जिला देवास म.प्र.

एम.जे.सी. प्र.क्र.01/2017

1- श्रीमती हेमकुंवरबाई पति स्व. श्री रायसिंह उम्र 50 वर्ष जाति राजपूत
2- देवेंद्र पिता स्व. श्री रायसिंह उम्र 31 वर्ष जाति राजपूत
3- कु. गटाकुंवर पिता स्व. श्री रायसिंह उम्र 22 वर्ष जाति राजपूत
4- निवासीगण ग्राम धतुरियाराम तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. ....प्रार्थीगण

विरुद्ध

1- सर्वसाधारण जनता
2- नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक शाखा सोनकच्छ (एम.जी. रोड सोनकच्छ) ... प्रतिप्रार्थी

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण/आवेदकगण श्रीमती हेमकुंवरबाई पति स्व. श्री रायसिंह देवेंद्र पिता स्व. रायसिंह कु. गटाकुंवर पिता स्व. रायसिंह निवासी ग्राम धतुरियाराम तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. ने अपने मृतक पति/पिता श्री रायसिंह पिता रणजीतसिंह की दिनांक 6.4.2016 को मृत्यु हो जाने के उपरांत नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक शाखा सोनकच्छ में स्थित उनके नाम के के.सी.सी बैंक खाता में जमा राशि को प्राप्त करने हेतु भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1985 की धारा372 के अंतर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रखा है उक्त प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 23.2.2017 के पूर्व अथवा पेशी दिनांक पर मय सबूत के आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा पेशी दिनांक पर मय सबूत के अनुपस्थित रहने की दशा में प्रार्थीगण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। नियत दिनांक को अवकाश होने की दशा में प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

स्थान- सोनकच्छ
दिनांक - 23.1.2017

(नरेंद्र पटेल)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01
सोनकच्छ जिला देवास म.प्र.

आई टी एल इण्डस्ट्रीज़ लि.

पंजीकृत कार्यालय : 111, सेक्टर -बी, सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया, इन्दौर-452015 (म.प्र.)
सी आई एन : L28939MP1989PLC005037

नोटिस

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) रेगुलेशंस, 2015 के रेगुलेशन 29 एवं 47 का अनुसरण करते हुए, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि, कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक सोमवार 13 फरवरी, 2017 को समय दोपहर 2.30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर, कंपनी की 31 दिसंबर, 2016 को समाप्त तीसरी तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम पर विचार और मंजूरी देने के लिए रखी गयी है। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.itl.co.in** और बी.एस.ई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

प्रति , आई टी एल इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड
महेन्द्र सिंह जैन
सह प्रबंध निदेशक
(DIN - 00256047)

स्थान : इंदौर
दिनांक: 24.01.2017

MEDI-CAPS LIMITED

CIN: L24232MP1983PLC002231
Regd. Office: Mhow-Neemuch Road, Pithampur - 454775, Distt. Dhar (M.P.)
Email: investors@medicaps.com, Phone: 07292-424242, Fax: 07292-407367

NOTICE

NOTICE pursuant to Regulation 47(1) (a) of SEBI (LODR) Regulations, 2015 is hereby given that Meeting of the Board of directors of the Company shall be held on **Thursday, 09th February, 2017 at 3:00 P.M.** at the Registered office of the Company to consider and approve the Standalone Un-audited Financial Results of the Company for the Quarter ended **31st December, 2016** along with other routine businesses. For further details, please refer the web link- **http://www.medicaps.com** & **http://www.bseindia.com/stock-share-price/medi-caps-ltd/medicapq/523144**

Place : **Pithampur**
Date : **25.01.2017**

For, MEDI-CAPS LIMITED
ALOK K.GARG
MANAGING DIRECTOR
DIN - 00274321

ANIL PUB.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन मोटवानी पिता प्रेम मोटवानी मोबाईल नम्बर मो. 9329847525 के द्वारा झोन क्रमांक 11 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 53/102 पता अंकुर अपार्टमेंट पदमावती कालोनी सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 26/1/2016 से 7 (सात) दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति पर हो तो झोन क्रमांक 11 (राजमाता सिंधिया स्टेडियम झोन) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करे। अवधि पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रमांक 11
नगर पालिक निगम, इंदौर

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति आगर-मालवा जिला आगर-मालवा (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/2016-17/3172
आगर दिनांक 25/01/17

दुकानें (सेन्ड्रीशाप) आवंटन हेतु नीलामी विज्ञप्ति (प्रथम आमंत्रण)

कृषि उपज मंडी समिति आगर के नवीन मंडी प्रांगण आगर में मप्र कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 में वर्णित समस्त शर्तों के अनुसार दुकान (सेन्ड्रीशाप) नग 03 के आवंटन हेतु सार्वजनिक नीलामी कार्यवाही दिनांक 20/2/2017 को दोपहर 02.00 बजे से कृषि उपज मंडी समिति आगर के कार्यालय में की जावेगी जिसका विवरण निम्नानुसार है, इच्छुक व्यक्ति अग्रिम राशि जमा कराकर दुकान (सेन्ड्रीशाप) की नीलामी बोली में भाग लेकर दुकान (सेन्ड्रीशाप) शर्तें अनुसार ले सकते है।

दुकान (सेन्ड्रीशाप) का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	संरचना का नाम	दुकान (सेन्ड्रीशाप) की संख्या		आपसेट कीमत न्यूनतम राशि रुपये प्रति दुकान (सेन्ड्रीशाप)	निक्षेप अग्रिम राशि	अनुज्ञप्ति फीस वार्षिक राशि
		अनारक्षित	आरक्षित			
1	2	3	4	5	6	7
1	01 नग दुकान (दुकान क्रमांक 8 एवं 9 के मध्य) साइज 18.18 वर्गमीटर	01	00	418200/-	41820/-	750/-
2	01 नग दुकान (दुकान क्रमांक 13 के पास) साइज 25.74 वर्गमीटर	01	00	592100/-	59210/-	1050/-
3	01 नग दुकान (दुकान क्रमांक 14 के पास) साइज 24.75 वर्गमीटर	01	00	569300/-	56930/-	1000/-

नोट(1) कालम 5 में प्रति दुकान (सेन्ड्रीशाप) न्यूनतम आफसेट कीमत के ऊपर राशि की बोली लगाना होगी। (2) निक्षेप अग्रिम राशि दिनांक 18/2/17 तक नगद या बैंकड्राफ्ट या बैंकर्स चेक के रूप में कृषि उपज मंडी समिति आगर के नाम से देय हो कार्यालय में जमा कराना होगा। (3) कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम 2009 की समस्त शर्तों का पालन अनिवार्य होगा। शर्तें कार्यालय में अवलोकन की जा सकती है।

(आनन्द मोहन व्यास)
सचिव

(बाबूलाल यादव)
अध्यक्ष

कृषि उपज मंडी समिति आगर-मालवा जिला आगर मालवा (मप्र)

ए.पी.इण्डिया बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड मेघनगर जिला झाबुआ

क्रमांक एपीआई/2017/01
दिनांक 25.01.2017

कर्मकारगण के नामः1 अमर सिंह पिता श्री जयमाल सिंह 2 भुपेन्द्र पड़वाल पिता श्री रमनलाल पडवाल 3 इमरान खान पिता श्री यूसुफ खान 4 विनोद यादव पिता श्री रामजतन यादव 5 मकन सिंह पिता श्री बालू 6 संदीप भुरिया पिता श्री पीटर भूरिया 7 राजा भुरिया श्री बाबू भूरिया 8 मोहन परमार पिता श्री देवका परमार 9 दिनेश परमार पिता श्री खुमान परमार 10 गोपाल बामनीया पिता श्री शकरा 11 टके सिंह पिता श्री धुलिया 12 दिपक डिंडोर पिता श्री कालू डिंडोर 13 थामस मेडा पिता श्री झुमला मेडा 14 जानु मेडा पिता श्री थामस मेडा 15 खुमान मेंडा पिता श्री झुमला मेडा 16 प्रताप मावी पिता श्री चेना मावी 17 किर्तन कत्था पिता श्री औंकार 18 दिलीप मेंडा पिता श्री मडिया 19 प्रितम देवाना पिता श्री करन सिंह 20 विकास परमार पिता श्री गोपाल सिंह परमार 21 राजेश गुजराती पिता श्री गोपाल 22 धुलीया मेडा पिता श्री कलसिंह मेडा

कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु अंतिम सूचना

आप सभी कर्मकारगणों को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 26.12.2016 से संस्थान के द्वारा समय-समय पर सूचना पटल पर एवं व्यक्तिशः दी गई सूचना के उपरांत भी बिना कोई अवकाश स्वीकृत कराये, बिना किसी सूचना के आप कर्तव्य पर से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण फैक्ट्री के कार्यों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हैं जबकि आपने संस्थान के अधिकारियों से संपर्क कर मौखिक रूप से काम पर आने की मंशा जाहिर की थी एवं लिखित में भी एक पत्र दिनांक 15.01.2017 का जो कि 17.01.2017 को प्राप्त हुआ जिसमें भी आपने काम पर लौटने की मंशा दोहरायी थी इसके उपरांत भी आप आज दिनांक 25.01.2017 तक कार्य पर उपस्थित नही हुये।

आप सभी कर्मकारगणों को अँतिम रूप से सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 28.01.2017 को प्रातः 11:00 बजे के पूर्व अपने कर्तव्य पर नियत समय पर उपस्थित होकर अपना कार्य प्रारंभ करें, अन्यथा फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा म.प्र. औद्योगिक नियोजन (स्थाई स्तरिय आज्ञाओं) अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आप सभी कर्मकारगणों के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सेवा से पृथकीकरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जावेगी, यह अँतिम सूचना पत्र कर्मकारहित में आपको सद्भाविक रूप से दिया जा रहा हैं, जिसका लाभ लेकर आप कर्तव्य पर उपस्थित हो।

दिनांक 25.01.2017
कारखाना प्रबंधक

न्यायालय तहसीलदार बड़वानी जिला बड़वानी

क्रमांक/69/वाचक/2017
बड़वानी, दिनांक 04.01.2017

विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला बड़वानी द्वारा कन्या शिक्षा परिसर बड़वानी के निर्माण किये जाने हेतु निम्न शासकीय भूमि आवंटन किये जाने हेतु मांग की गई है।

क्र	सर्वे नंबर	कुल रकबा	आवेदित रकबा जिसकी मांग की गई है	ग्राम का नाम जहां भूमि स्थित है
1	137/1	33.169 हे.	6.070 हेक्टर (15.00) एकड़	ग्राम बड़गांव

उक्त शासकीय भूमि आवंटित किये जाने के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के नवीनतम निर्देश के परिपेक्ष्य में आवेदित संस्था के अतिरिक्त अन्य जो इस प्रस्तावित भूमि पर उक्त आशय के लिए आवेदन/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो विहित समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त भूमि आवंटन में विज्ञप्ति प्रकाशन के पंद्रह दिवस तक आम आपत्ति ग्राहय की जा सकेगी। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.1.2017 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
बड़वानी जिला बड़वानी

जी-21706/17

स्कूल वैन/बस में क्षमता से अधिक बच्चे बैठाना अपराध है।

INDORE DEVELOPMENT AUTHORITY ida

7, Race Course Road,
Indore (M.P.) Pin - 452003

NIT NO : 18/2016-17
Date : 25.01.2017

Email: ida@idaindore.org
No. : IDA/EPROC/2016-17/190
Phone : 0731-2533355, 2545339
Date : 24-01-2017

MPIDA/TENDER NO.507 (2nd Call)

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on percentage basis from reputed consultants for renovation of Shri Banke Bihari Mandir, at Rajwada, Indore. Tender documents can be purchased from website https://www.mpeproc.gov.in.

Sr. No.	Name of work	Earnest Money (Rs.)	Cost of tender form (Rs.)	Time allowed for completion including/ excluding rainy season	Purchase of tender end date
01	Request For Proposal (RFP) For Selection Of Consultant For Renovation of Shri Banke Bihari Mandir at Rajwada, Indore	50,000	2000/-	As specified in RFP documents	01-02-2017 upto 17:30 Hrs.

NOTE :

1. The consultancy Firm should have registration with Employees Provident Fund & Service Tax and the copy of registration is to be submitted alongwith tender documents.
2. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

(R.K.Singh)
Chief City Planner
Indore Development Authority,
Mob :- 97550-99388

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

(परिषद कार्यालय)

ई टेंडरिंग/विज्ञप्ति क्रमांक 13/परिषद/2017
संशोधित निविदा
दिनांक : 24.01.2017

नगर पालिक निगम द्वारा वर्ष 2016-2017 के लिये आउट डोर केटरिंग हेतु मेन्यू अनुसार वर्किंग लंच एवं व्ही.आई.पी.डीनर, लंच पैकेट, व्ही.आई.पी. लंच पैकेट, बैठक में स्वल्पाहार आदि के लिए निम्नानुसार कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा दर अनुबंध के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा ख्याती प्राप्त फर्मों से जिन्होंने निविदा में उल्लेख अनुसार पूर्व में कार्य पूर्ण किया गया हो से निविदा आमंत्रित कि जाती है। निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल http://mpeproc.gov.in पर आगे की जावेगी।

ग्रुप क्र.	कार्य का नाम	विवरण	अर्नेस्ट मनी	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	व्ही.आई.पी डिनर, लंच पैकेट, आउट डोर केटरिंग	मेन्यू क्र. 1 से मेन्यू क्र. 6 तक व्ही.आई.पी. लंच, डिनर, लंच पैकेट, आउट डोर केटरिंग	₹ 10,000/-	₹ 2,000/-
2	स्वल्पाहार	मेन्यू क्र. 1 से 2 स्वल्पाहार हेतु उल्लेखित आयटम की दरें प्रति आयटम दी जायेगी।	₹ 10,000/-	₹ 2,000/-

नोट : आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. शासन द्वारा जारी सर्क्युलर क्रमांक या.प्रा./07/2013/3616 भोपाल, दिनांक 22/5/2013 अनुसार निविदा स्वीकृत होने के उपरांत न्यूनतम निविदादाता को अनुबंध के साथ 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कैशकार्ड/ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से निर्धारित राशि जमा करने के बाद प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 06/01/17
2. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 29/01/17 को शाम 17.30 बजे तक
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30/01/17 को शाम 17.30 बजे तक
4. निर्धारित दस्तावेजों एवं धरोहर राशि की हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 30.01.2017 को सायंकल 17.00 बजे तक।
5. तकनीकी निविदा ओपन करने की दिनांक 31/01/17 को सुबह 10.30 से 14.30 बजे तक
6. निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि 31/01/17 को दोपहर 14.30 से 17.30 बजे तक
7. विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण उक्त वर्णित पोर्टल पर देखा जा सकता है।
8. उपरोक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में निविदा प्रपत्र क्रय व अर्नेस्ट मनी जमा कर अगले कार्य दिवस में की जाकर निविदा अगले कार्यदिवस में प्रस्तुत कि जावेगी।
9. ठेकेदार/ फर्म के EPF पंजीयन की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
10. ठेकेदार को इस प्रकार के कार्य का अनुभव के संबंध में कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य है।
11. निगम के देय सभी कर मय बकाया रकम शीघ्र जमा करवाकर सुयोग्य नागरिकता का परिचय देवे।

प्रतिबंधित पॉलीथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

सचिव
नगर पालिक निगम इन्दौर